रणजीत टाइम्स

इंदौर

शनिवार, 31 अक्टूबर, 2026

वर्ष 02 | अंक 258 कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे

यूपी में बीजेपी अंगद का पैर, कोई हिला नहीं सकता

● शाह ने की योगी की तारीफ ,कहा-माफिया खत्म किए ● गृहमंत्री बोले-आपसी नाराजगी गोमती में बहाकर जाएं

लखनऊ (एजेंसी)। गृहमंत्री अमित शाह शुक्रवार को लखनऊ में थे। उन्होंने यूपी भाजपा की कार्यसमिति की बैठक में कार्यकर्ताओं से कहा- यूपी में बीजेपी अंगद का पैर है। उसे कोई नहीं हिला सकता है। आप कमर कस लो, अर्जुन की तरह मछली की आंख पर नजर रखो। हमें फिर से सरकार बनानी है। शाह ने बीजेपी कार्यकर्ता को पार्टी का मालिक बताया। कहा कि यूपी में तीसरी बार बीजेपी की सरकार बनी तो यहां भी यूसीसी लागू करेंगे। आप सभी नाराजगी और मनमुटाव को गोमती नदी में छोड़कर जाएं। चुनाव में बार-बार मुलाकात होगी। हिसाब पूछूंगा। बही खाता अच्छा रहना चाहिए। उन्होंने कहा- राहुल बाबा की निरर्थक बकवास का जवाब यूपी में 2027 में बीजेपी की सरकार बनाकर देना है। इससे पहले, करीब 9 महीने बाद लखनऊ पहुंचे शाह का सीएम योगी और दोनों डिप्टी सीएम ने स्वागत किया। बैठक में योगी और शाह अगल-बगल बैठे। यूपी प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और यूपी भाजपा प्रभारी विनोद तावड़े भी मौजूद रहे। शाह ने बैठक में विधानसभा चुनाव के रोडमैप पर बात की।



सपा और बसपा के सभी कार्यकाल से ज्यादा काम योगी ने किया

अमित शाह ने कहा- 50 लाख करोड़ का निवेश आया। 15 लाख करोड़ के निवेश धरातल पर आए हैं। सपा और बसपा के सभी टर्म मिला लें तो हमारे योगी जी का एक टर्म उनसे ज्यादा है। कानून व्यवस्था सुधरने से निवेश आया है। निवेश से रोजगार आया है। डबल इंजन की सरकार है। केंद्र ने यहां कोई कमी नहीं रखी है। यूपी के इंफ्रास्ट्रक्चर मे हजारों करोड़ रुपए भारत सरकार ने दिया है। यूपी में देश का सबसे बड़ा एक्सप्रेस-वे नेटवर्क है। जेवर में देश का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बना है।

परिश्रम की पराकाष्ठा कर 2027 में सरकार बनाएं

अमित शाह ने कहा- सरकार के सारे काम एक ओर हैं, फिर भी कार्यकर्ता का पराक्रम सबसे बड़ा है। सबसे अधिक कार्यकर्ता का समायोजन यूपी में हुआ है। अखिलेश के आने के बाद एक भी चुनाव सपा नहीं जीती। राहुल के आने के बाद कांग्रेस की सरकार नहीं बनी। कार्यकर्ता विधानसभा चुनाव को अपना चुनाव बनाएं। परिश्रम की पराकाष्ठा कर 2027 में सरकार बनाएं। अमित शाह ने कहा- नरेंद्र मोदी ने फंड देने में कोई कमी नहीं की और योगी ने उसे जमीन पर उतारने मे कमी नहीं की। लेकिन, जनता को यह बताना होगा। अखिलेश जी आपने और आपके पिता की सरकार ने क्या किया, गरीब का हक मारकर अपने परिवार और कार्यकर्ता को दिया। यूपी सरकार ने लाभार्थी ने चुन-चुन कर लाभ दिया है।

बनासकांठा में आकर कोई नहीं कहता कि आलू से सोना बनाएंगे

'आलू से सोना' पर पीएम मोदी का कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तंज

बनासकांठा (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को गुजरात के बनासकांठा में कहा कि यहां का आलू दुनियाभर में मशहूर है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, बनासकांठा में आकर कोई नहीं कहता कि आलू से सोना बनाएंगे, क्योंकि यहां के लोग पहले ही आलू से सोना बना रहे हैं। मोदी की सभा में किसानों के बैठने के लिए कुर्सियों की जगह चारपाइयां बिछाई गई थीं। इस पर उन्होंने कहा कि देश के लोगों के लिए यह अजूबा होगा कि एक सभा में सभी लोग चारपाई पर बैठे हैं।



हम चाहते हैं कि किसानों की गोबर से भी कमाई बढ़े

25 साल पहले यहां बिजली पानी की समस्या थी। मैं कहता था हमें बिजली पानी बचाना होगा। लोग विरोध करते थे मोदी कौन होता है जो ये बोलता है। मैं आपसे लड़ता रहा और देखिए हम कहां पहुंच गए। मैं आज फिर से कहूंगा पानी बिजली बचाना है। हम चाहते हैं कि किसानों की गोबर से भी कमाई बढ़े। गोबर और खेती के अवशेषों से बायोगैस बायो सीएनजी और जैविक खाद बनाने के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर भी बढ़े। हमने मुफ्त टीकाकरण शुरू किया।

यूएनएससी की सीट के लिए भारत ने कर दिया बड़ा 'खेला'

● बदल जाएंगे ग्लोबल समीकरण अमेरिका और चीन हैरान

न्यूयॉर्क (एजेंसी)। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में 2028-29 के लिए अस्थायी सीट हासिल करने के लिए भारत ने समुद्री सुरक्षा और आर्टिफिशियल को अपना मुख्य औजार बनाया है। यूएनएससी में बोलते हुए भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत हरीश पर्वथनेनी ने कहा है कि टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल इंसानों की सुरक्षा को पुख्ता करना और समुद्र को सुरक्षित बनाने के लिए होना चाहिए ना कि उन्हें और ज्यादा विवादित बनाने के लिए। इसके अलावा भारतीय दूत ने इस बात पर जोर किया कि विकासशील देशों को शासन प्रक्रिया में भाग लेने और भूमिका निभाने के लिए जरूरी टेक्नोलॉजी और ट्रेनिंग मिलनी चाहिए। आपको बता दें कि भारत 2028-29 कार्यकाल के लिए अस्थायी सीट के लिए चुनाव लड़ रहा है।



बद्रीनाथ से देहरादून लौट रहा हेलीकॉप्टर क्रैश

● 6 लोग थे सवार, जोशीमठ के पास हुआ हादसा

देहरादून (एजेंसी)। उत्तराखंड के चमोली जिले में बद्रीनाथ धाम से लौट रहे एक हेलीकॉप्टर की जोशीमठ क्षेत्र की पहाड़ी में क्रैश होने की सूचना है। बताया जा रहा है कि हेलीकॉप्टर में 6 लोग सवार थे। सीएम धामी ने हादसे को लेकर दुख जताया है। अब तक मिली जानकारी के अनुसार बद्रीनाथ धाम से लौट रहा हेलीकॉप्टर जोशीमठ में चाई गांव के पास अचानक गायब हो गया। जिसमें पायलट समेत छह यात्री सवार थे। सेना की यूनिट ने डीएम चमोली को इस घटना के बारे में सूचना दी। जिसके बाद से प्रशासन और रेस्क्यू टीमें जुट गई हैं। बताया जा रहा है कि खराब मौसम की वजह से कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पायलट से अभी तक संपर्क नहीं हो सका है। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने हादसे पर दुख जताया है। सीएम धामी ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए लिखा कि- चाई गांव, जोशीमठ के निकट हेलीकॉप्टर क्रैश होने की दुर्भाग्यपूर्ण सूचना प्राप्त हुई है।



जिला प्रशासन, आपदा प्रबंधन विभाग, एसडीआरएफ द्वारा संयुक्त रूप से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। स्वयं भी पूरे घटनाक्रम की निरंतर निगरानी कर रहा हूं। गंभीर रूप से घायलों को तत्काल एयरलिफ्ट कर बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर पहुंचाने के निर्देश दिए हैं।







ग्राम जैत पहुंचकर पूर्व मंत्री कमल पटेल ने स्व. काशी बाई को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की

बोले-माताजी का स्नेह, अपनत्व और आशीर्वाद सदैव स्मृतियों में रहेंगे; चौहान परिवार के प्रति व्यक्त की गहरी शोक संवेदनाएं

वीरेंद्र चौहान रणजीत टाइम्स

हरदा-जैत (सीहोर)मध्य प्रदेश शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता श्री कमल पटेल ने शुक्रवार को ग्राम जैत पहुंचकर मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय कृषि मंत्री आदरणीय श्री शिवराज सिंह चौहान जी की पूज्य माताजी स्वर्गीय श्रीमती काशी बाई चौहान के अंतिम संस्कार में सम्मिलित होकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने दिवंगत





पुण्यात्मा को नमन करते हुए ईश्वर से उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान देने तथा शोकाकुल परिवार को दुख सहन करने की शक्ति धैर्य और संबल प्रदान करें श्री कमल पटेल ने भावुक होते हुए कहा कि जब भी उनका माताजी से मिलना होता था, उन्हें हमेशा मां जैसा स्नेह, अपनत्व और आशीर्वाद प्राप्त होता था। वे उन्हें अपने बेटे की तरह स्नेह देती थीं। उनका आत्मीय व्यवहार और ममतामयी आशीर्वाद मेरे लिए सदैव अविस्मरणीय रहेंगे। माताजी के साथ जुड़ी आत्मीय स्मृतियां हमेशा हृदय में जीवंत रहेंगी।

मेहदवानी में पंचायत सचिवालय को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी, रोजगार सहायक सचिव को हटाने की मांग

शिवम प्रजापति

डिंडौरी जिले के मेहदवानी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत सूरजपुरा में रोजगार सहायक सचिव के खिलाफ ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया है। ग्रामीणों ने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को सामूहिक आवेदन सौंपकर रोजगार सहायक सचिव नरेंद्र धुर्वे को पंचायत से पृथक करने की मांग की है। ग्रामीणों द्वारा दिए गए आवेदन में आरोप लगाया गया है कि रोजगार सहायक सचिव नरेंद्र धुर्वे का आम जनता के साथ व्यवहार ठीक नहीं है।

साथ ही पंचायत में संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को समय पर नहीं दी जाती। आवेदन में मनरेगा के मजदूरी भुगतान को लेकर भी गंभीर आरोप



लगाए गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि मजदूरी भुगतान की गणना 300 रुपये के हिसाब से किए जाने के बावजूद रोजगार सहायक सचिव द्वारा 200 रुपये के हिसाब से मजदूरी भुगतान कराया गया है। ग्रामीणों ने आरोपों की जांच कर रोजगार सहायक सचिव को ग्राम पंचायत सूरजपुरा से हटाकर किसी अन्य व्यक्ति को जिम्मेदारी सौंपने की मांग की है। इतना ही नहीं, आवेदन में ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि तीन दिवस के भीतर रोजगार सहायक सचिव को पंचायत से पृथक नहीं किया गया, तो वे जिला मुख्यालय पहुंचकर कलेक्टर महोदय से शिकायत करेंगे और आगे की कार्रवाई की मांग करेंगे। अब देखना होगा कि जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी इस सामूहिक आवेदन पर क्या संज्ञान लेते हैं और ग्रामीणों द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच कब तक होती है। फिलहाल ग्रामीणों की मांग और लगाए गए आरोपों पर प्रशासन की जांच एवं आधिकारिक पक्ष का इंतजार है।

मनोज परमार बने फ्लाइंग किक स्पोर्ट्स एसोसिएशन मध्यप्रदेश के प्रदेश समन्वयक

खुशबू श्रीवास्तव

इंदौर। अखिल भारतीय श्री बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं समाजसेवी मनोज परमार को फ्लाइंग किक स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ मध्यप्रदेश द्वारा प्रदेश समन्वयक (स्टेट कोऑर्डिनेटर) के महत्वपूर्ण पद पर मनोनीत किया गया है। उनकी इस नियुक्ति पर सामाजिक एवं खेल जगत से जुड़े लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मनोज परमार के इस मनोनयन को उनके सामाजिक योगदान, संगठनात्मक क्षमता, कुशल नेतृत्व और युवाओं के प्रति समर्पण का सम्मान माना जा रहा है। उम्मीद जताई जा रही है कि उनके मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश में फ्लाइंग किक खेल को नई पहचान मिलेगी।



प्रदेश समन्वयक के रूप में वे खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने, प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने और युवाओं को खेलों से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उनकी नियुक्ति से प्रदेश में खेल संगठन को भी मजबूती मिलने की उम्मीद है। इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई है।

माता आनंदमई पीठ आश्रम के पास सड़क पर वाहनों का कब्जा, एक किलोमीटर तक लगा जाम

घंटों परेशान होते रहे वाहन चालक, हटाने गए पुलिस अधिकारियों से की हुज्जत, पुलिस ने सात से अधिक कारों के वीडियो बनाकर काटे चालान

इंदौर। मेडिकल कॉलेज के पास माता आनंदमई पीठ पर आने वाले श्रद्धालुओं और वाहन मालिकों की लापरवाही का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ा। आश्रम पर आए लोगों ने अपनी गाड़ियां सड़क पर ही खड़ी कर दीं, जिसके चलते शिवाजी चौराहे से गीताभवन रोड पर करीब एक किलोमीटर लंबा जाम लग गया। घंटों तक वाहन चालक जाम में फंसे रहे और सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। लंबे जाम को देखते हुए पुलिस अधिकारी स्थिति को देखने के लिए सड़क पर निकले तो पता चला कि मेडिकल कॉलेज के पास आश्रम के बाहर कई वाहन बेतरतीब खड़े हुए है जिसके कारण लम्बा जाम लगा हुआ है। जब अधिकारियों ने वाहन चालकों की गाड़ी हटाने को कहा तो वे हुज्जत करा लगे कोई खुदको अधिकारी तो कोई नेता का संबधी बता कर रौब झाड़ने लगे । जब



बात काफी बढ़ गई तो पुलिस गाड़ियों के वीडियो बना कर उच्च अधिकारियों को भेजे और उन पर चलानी करवाई की । पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सात से अधिक कारों के वीडियो बनाए और चालानी कार्रवाई की। पुलिस अधिकारी नरेंद्र चतुर्वेदी ने बीच सड़क पर खड़ी गाड़ियों का ना सिर्फ़ वीडियो बनाया बल्कि सभी के नंबर अपने है हाथ पर लिख कर अधिकारियों को भी सेंड किए। हैरानी की बात यह है कि इस क्षेत्र में आए दिन लोग सड़क को अपनी निजी पार्किंग समझकर वाहन खड़े कर देते हैं। नतीजा यह होता है कि एक व्यक्ति की सुविधा के लिए सैकड़ों लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है। एंबुलेंस, जरूरी काम से निकलने वाले लोगों और स्थानीय रहवासियों तक का रास्ता बाधित होता है। धार्मिक स्थल पर आना श्रद्धा का विषय है, लेकिन श्रद्धा के नाम पर आम जनता का रास्ता रोकने का अधिकार किसी को नहीं है। आयोजकों और वाहन मालिकों को पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए। वहीं पुलिस को भी केवल शिकायत मिलने पर नहीं, बल्कि ऐसे संवेदनशील मार्गों पर नियमित निगरानी और सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। सड़क यातायात के लिए है, निजी पार्किंग के लिए नहीं। नियम सबके लिए बराबर होने चाहिए।

रणजीत टाइम्स

फूल-मालाओं, केक कटिंग और भावपूर्ण कविताओं के बीच मनाया गया

प्रधान संपादक गोपाल गावंडे का जन्मदिन

रणजीत टाइम्स के मध्यप्रदेश मुख्य कार्यालय में भव्य आयोजन, पत्रकारों, समाजसेवियों एवं गणमान्यजनों ने किया आत्मीय स्वागत

दैनिक रणजीत टाइम्स





इंदौर। दैनिक रणजीत टाइम्स के मध्यप्रदेश मुख्य कार्यालय में प्रधान संपादक, भारतीय पत्रकार संघ (BPS) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं माँ करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष (सनातन प्रकोष्ठ) *श्री गोपाल गावंडे जी* का जन्मदिन बड़े ही हर्षोल्लास, उत्साह और आत्मीयता के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर रणजीत टाइम्स एवं राजनीति 24 न्यूज़ परिवार के सदस्यों, पत्रकारों, समाजसेवियों एवं व्यावसायिक क्षेत्र से जुड़े गणमान्यजनों ने गोपाल गावंडे जी का फूल-मालाओं, पुष्पगुच्छ एवं पुष्पवर्षा के साथ भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। तालियों की गड़गड़ाहट और जन्मदिन की शुभकामनाओं के बीच केक काटकर खुशियां मनाई गईं।

किसी ने कविता सुनाई, किसी ने दिल की बात कही

समारोह के दौरान कई भावुक और यादगार पल देखने को मिले। कुछ साथियों ने गोपाल गावंडे जी के व्यक्तित्व, नेतृत्व और उनके प्रति अपने स्नेह को सुंदर कविताओं के माध्यम से व्यक्त किया, तो कुछ ने अपने दिल की बातें साझा कीं। कई साथियों ने आकर्षक उपहार भेंट कर जन्मदिन को और भी विशेष बना दिया। पूरे आयोजन में एक परिवार जैसा वातावरण रहा, जहां हर चेहरे पर खुशी और अपनत्व झलक रहा था।

इन गणमान्यजनों एवं साथियों की रही विशेष उपस्थिति

इस अवसर पर दैनिक रणजीत टाइम्स की कार्यकारी संपादक श्रीमती रेनू केत्वास, सह संपादक श्री आदित्य शर्मा, एडवोकेट श्री नरेंद्र यादव, वरिष्ठ पत्रकार श्री राजेश धाकड़, श्री दीपक वाडेकर, श्री नितिन बामदले, श्री शैलेश शर्मा, श्री दीपक होलकर, समाजसेवी श्री गिरीश महाजन, आदरणीय श्री विपिन जैन साहब, श्री ओंकार यादव, श्री नितिन सर्वे जी, ब्रांच मैनेजर प्रिया मैडम, सेल्स डायरेक्टर श्रीमती पूजा





शर्मा, अनंत इन्फ्रा से जुड़े श्री विजय डेरिया जी, श्री आशीष जैन जी, श्री हीरा खटवानी, सुश्री दिव्या दीवान एवं रणजीत टाइम्स से विशेष रूप से श्री अक्षत शाक्यवार जी सहित पत्रकारिता, सामाजिक एवं व्यावसायिक क्षेत्र के अनेक गणमान्यजन तथा रणजीत टाइम्स परिवार के अन्य साथी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी ने गोपाल गावंडे जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु जीवन, सुख-समृद्धि एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं कीं।

साथियों का प्रेम और विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी पूंजी-गोपाल गावंडे

इस अवसर पर मिले अपार स्नेह और सम्मान से अभिभूत श्री गोपाल गावंडे जी ने सभी साथियों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा श्री माताजी निर्मला देवी जी के आशीर्वाद से प्राप्त यह जीवन मेरे लिए अनमोल है। आज मेरे सभी साथियों ने जिस प्रेम, आत्मीयता और सम्मान के साथ मेरा जन्मदिन मनाया, वह मेरे जीवन की अविस्मरणीय स्मृतियों में हमेशा बना रहेगा। मेरे लिए रणजीत टाइम्स केवल एक समाचार संस्थान नहीं, बल्कि मेरा अपना परिवार है।- उन्होंने कहा कि जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि लोगों का विश्वास, प्रेम और सम्मान अर्जित करना है। यही स्नेह उन्हें पत्रकारिता, समाजसेवा और जनहित के कार्यों में निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। समारोह के अंत में सभी साथियों ने एक साथ खुशियां साझा कीं। फूलों की खुशबू, केक की मिठास, कविताओं की भावनाओं और साथियों के आत्मीय स्नेह ने इस जन्मदिन समारोह को यादगार बना दिया।

लोकतंत्र बचाओ यात्रा में उमड़ा जनसैलाब, अव्यवस्थाओं और विवादों ने खींचा ध्यान

सुभाष नगर से पाटनीपुरा तक निकली यात्रा, सीएम ने दिलाई लोकतंत्र रक्षा की शपथ; राहुल गांधी पर निशाना, प्रदर्शनकारी प्रहलाद पांडेय को पुलिस ने हटाया





इंदौर। भाजपा की 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' यात्रा के बहाने शुक्रवार को शहर में बड़ा शक्ति प्रदर्शन देखने को मिला। सुभाष नगर चौराहे से शुरू हुई यात्रा पाटनीपुरा चौराहे पर समाप्त हुई। इसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देव और प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं, युवाओं, साधु-संतों और किन्नर समाज के प्रतिनिधियों की मौजूदगी रही। हालांकि, आयोजन के दौरान सीएम की देरी, अव्यवस्थाएं और प्रदर्शनकारी को हटाने का मामला भी चर्चा में रहा।

सीएम की देरी पर नाराज हुए विजयवर्गीय- यात्रा का समय सुबह 11 बजे था, लेकिन मुख्यमंत्री करीब एक घंटे से अधिक देरी से पहुंचे। उनके इंतजार में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय कई बार अधिकारियों से यात्रा शुरू करने को कहते रहे। दोपहर करीब 12.30 बजे तक सीएम के नहीं पहुंचने पर उन्होंने कहा, 'अब मैं दो मिनट इंतजार नहीं करूंगा।' इसके बाद मुख्यमंत्री के आने से पहले ही यात्रा रवाना कर दी। देरी के कारण लोग लौटने लगे तो विजयवर्गीय ने मंच से कहा कि पोहा-जलेबी खाकर वापस आ जाना। यात्रा के दौरान धक्का-मुक्की भी हुई और व्यवस्था संभालने के लिए उन्हें खुद भीड़ के बीच पहुंचना पड़ा।

सीएम ने राहुल गांधी पर साधा निशाना- यात्रा के समापन पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए कहा कि सेना सहित हर मुद्दे पर उनके बयान सवाल खड़े करते हैं। ऐसा लगता है कि राहुल गांधी इस देश के नहीं, बल्कि पाकिस्तान से आकर राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस पर लोकतंत्र का अपमान करने का आरोप लगाया। किसान सम्मान निधि, लाड़ली बहना योजना और देश की बढ़ती ताकत का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने लोगों को संविधान, कानून के शासन और लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा की रक्षा की शपथ दिलाई। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने भी राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए दावा किया कि इंदौर में जितने युवा जुटे, उतनी भीड़ राहुल गांधी की यात्राओं में भी नहीं आई होगी। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ राजनीतिक दल बिरयानी और पिज्जा बांटकर भीड़ जुटाते हैं। केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने विपक्ष पर जनादेश का अपमान करने का आरोप लगाया, जबकि प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देव ने अवैध घुसपैठियों को लेकर सख्त बयान दिया।

33 हजार लीटर फिनाइल वाले पोस्टर पर मचा हंगामा- कार्यक्रम के दौरान सामाजिक कार्यकर्ता प्रहलाद पांडेय नगरीय निकायों में कथित घोटालों पर सवाल उठाने वाले पोस्टर लेकर पहुंचे। पोस्टर पर 30 हजार रुपये का बल्ब और 33 हजार लीटर फिनाइल का उल्लेख था। पोस्टर देखते ही विजयवर्गीय ने नाराजगी जताई और पुलिस को उन्हें हटाने के निर्देश दिए। पुलिस पांडेय को गाड़ी में बैठाकर ले गई। इस दौरान वे सवाल करते रहे कि उनका कसूर क्या है।

कांग्रेस ने भाजपा पर साधा निशाना- मुख्यमंत्री की देरी और आयोजन की अव्यवस्थाओं को लेकर कांग्रेस ने भाजपा पर हमला बोला। प्रदेश प्रवक्ता अमित चौरसिया सहित अन्य नेताओं ने कहा कि लोकतंत्र बचाने की यात्रा निकालने से पहले भाजपा को अपनी पार्टी की अंतर्कलह और अव्यवस्था संभालनी चाहिए। कांग्रेस ने आयोजन को राजनीतिक इवेंट बताते हुए कहा कि जिस पार्टी के मंच पर आपसी तालमेल नहीं है, वह प्रदेश में लोकतंत्र और व्यवस्था बचाने की बात कर रही है।

सहजयोग ध्यान से हृदयचक्र पर श्रीराम की उपस्थिति का साक्षात अनुभव संभव

श्री राम एक आदर्श पुरुष का प्रतिनिधित्व करते हैं। बचपन से ही हमें श्री राम जी के जीवन की कहानियां सुनाई जाती हैं, रामायण दिखाई जाती है। श्री राम जी ने अपने जीवन में उन सभी गुणों का महत्व समझाया है जो एक मनुष्य को आदर्श जीवन जीने के लिए आवश्यक है।

वह एक आदर्श राजा हैं जिन्होंने हम व्यक्तियों में केवल प्रेम की धारा बहाई है। उन्होंने जाति - पांति के भेदभाव को फटकारा है और प्रेम को सबसे ऊपर रखा है।

एक भीलनी के जूठे बेर खाए, एक निषाद को मित्र बनाया और केवट को पार कर दिया क्योंकि इन सभी के अंदर केवल अनन्य भक्ति थी।परमपिता परमात्मा कभी किसी में भेदभाव नहीं करते। आप ही सोचिए कि क्या एक पिता अपने बच्चों को लड़ते देख खुश हो सकता है।

श्री राम जी सभी के अंदर हैं और उनके गुणों पर चलने से ही विश्व का कल्याण हो सकता है। श्रीराम जी का हृदय में स्थापित होना बहुत आवश्यक है, और यह सहजयोग के माध्यम से सहज ही संभव है। श्री राम जी का स्थान हमारे हृदय चक्र के दाएं भाग में होता है, उनके गुण जागृत होने के बाद मनुष्य



करुणा,संकोच,सकारात्मकता, व प्रेम से भर जाता है, वह अपने आप दिव्य गुणों से आशीर्वादित हो जाता है। वह सभी में परमात्मा के प्रतिबिंब को देखता है और उसके अंदर स्थित आत्मा का आदर करता है। सदियों से लोग बाह्य का पूजा-पाठ करते आए हैं, पर उससे कुछ भी हासिल नहीं हुआ, क्योंकि संतुष्टि तो हृदय में विराजित श्रीराम ही देंगे।

यदि मनुष्य ही प्रेम की सुंदर मूरत हो जाएगा तो यह धर्म के झगड़े, भेद-भाव, एक दूसरे को नीचा दिखाना, अपना प्रभुत्व जमाना यह सब बीमारी नष्ट हो जाएगी।

श्रीराम जी के सपनों का राज्य हम तभी स्थापित कर पाएंगे जब हमारे हृदय में श्रीराम आएंगे। श्री माताजी निर्मला देवी द्वारा, संस्थापित सहजयोग, द्वारा श्रीराम जी के गुणों को जागृत करना सहज है, क्योंकि परमात्मा के कार्य सहज में ही होते हैं।

यदि आप सहजयोग के बारे में और जानना चाहते हैं तो जानकारी टॉल फ्री नं 1800 2700 800 अथवा बेवसाइट sahajayoga.org.in **से प्राप्त कर सकते हैं। सहजयोग पूर्णतः निःशुल्क है।**

शिवपुरी में करवा चौथ की रही धूम, चारों छोरों की कॉलोनियों में सुहागिनों ने श्रद्धा और उल्लास से रखा व्रत

ऋषि गोस्वामी

शिवपुरी। पति की लंबी आयु और अखंड सौभाग्य की कामना का पावन पर्व करवा चौथ शिवपुरी शहर में श्रद्धा, आस्था और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही सुहागिन महिलाओं में पर्व को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। महिलाओं ने पूरे दिन निर्जला व्रत रखकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और रात्रि में चंद्रदर्शन के बाद अर्घ्य देकर अपना व्रत खोला। शहर के चारों छोरों पर स्थित विभिन्न कॉलोनियों में करवा चौथ की रौनक देखते ही बनी। तुलसी नगर कॉलोनी में मीनाक्षी-रविंद्र कुमार शर्मा ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं वीर सावरकर कॉलोनी में लवली-संजय अग्रवाल के निवास पर पर्व को लेकर



विशेष उत्साह रहा। आकर्षक सजावट के बीच धार्मिक परंपराओं के अनुसार पूजन किया गया। इसी क्रम में न्यू दर्पण कॉलोनी में कृष्णा-मनीष अग्रवाल ने परिजनों के साथ करवा चौथ की पूजा कर चंद्रमा को अर्घ्य अर्पित किया और अखंड सौभाग्य की कामना की। वहीं तारकेश्वरी कॉलोनी में बरसा-विक्रम बाथम ने पूरे नियम और श्रद्धा के साथ पूजा-अर्चना कर व्रत का पारण किया।

चांद के दीदार के साथ खोला निर्जला व्रत

रात्रि में चंद्रमा के दर्शन होते ही महिलाओं में उत्साह और उमंग का माहौल बन गया। सज-संवरकर महिलाओं ने पूजा की थाली सजाई और छलनी से पहले चंद्रमा तथा फिर अपने पति का चेहरा देखकर व्रत खोला। इसके बाद पतियों के हाथों जल ग्रहण कर व्रत का पारण किया और परिवार के बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। पूरे दिन उपवास, शाम को करवा चौथ की कथा और रात में चंद्रमा को अर्घ्य देने की परंपरा के साथ यह पर्व संपन्न हुआ। शिवपुरी की विभिन्न कॉलोनियों में महिलाओं की आस्था, पारिवारिक प्रेम और भारतीय संस्कृति की परंपराओं का सुंदर संगम देखने को मिला। पर्व के दौरान चारों ओर उत्सव और उल्लास का वातावरण बना रहा।

झाबुआ रेड क्रॉस का चुनाव संपन्न हुआ सभापति के साथ ही अन्य पद्याधिकारियों का भी हुआ गठन



सलीम हुसैन

कलेक्टोरेट झाबुआ के सभाकक्ष में भारतीय रेडक्रॉस जिला शाखा झाबुआ की प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक अक्टूबर को आयोजित की गई।

इस बैठक में जिला रेडक्रास झाबुआ के अध्यक्ष एवं कलेक्टर झाबुआ योगेश भरसट के निर्देशन में निर्वाचन की कार्यवाही संपन्न हुई जिसमें मयंक रूनवाल सभापति, अंजू शर्मा जिला प्रतिनिधि, उपाध्यक्ष बहादुर हटीला एवं कोषाध्यक्ष अंतिम शर्मा का निर्वाचन हुआ। इस समस्त कार्यवाही में अपर कलेक्टर बडोले भी उपस्थित रहे। नव निर्वाचित पदाधिकारियों को कलेक्टर, अपर कलेक्टर एवं अन्य अधिकारियों के साथ जिला रेडक्रास सदस्य मुर्तजा पिटोलवाला , जय भंडारी,अंकुर भंडारी, कमलेश बम, समेकित तलेरा ने बधाई दी। इस अवसर पर नवनिर्वाचित सभापति मयंक रूनवाल ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभापति के रूप में जो नई जिम्मेदारी मिली है उसे इस जिले की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए सर्वश्रेष्ठ रूप से निभाने का प्रयास करूंगा।

स्कूल के स्मार्ट क्लास में कलेक्टर बने शिक्षक, विद्यार्थियों को पढ़ाया त्रिकोणमिति का पाठ, बच्चों से पूछे पाइथागोरस प्रमेय के सवाल

धर्मेन्द्र गुप्ता

विदिशा। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता शमशाबाद क्षेत्र की ग्राम पंचायत बिछिया पहुंचे, जहां उन्होंने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संचालित शैक्षणिक व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर शिक्षण कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान वे कक्षा 10वीं में पहुंचे और विद्यार्थियों से सीधे संवाद कर उनकी शैक्षणिक प्रगति की जानकारी ली। गणित की कक्षा संचालित होने पर कलेक्टर ने स्वयं हाथ में मार्कर लेकर स्मार्ट क्लासरूम की एलईडी पर विद्यार्थियों को त्रिकोणमिति का पाठ पढ़ाया। उन्होंने पाइथागोरस प्रमेय सहित अन्य विषयों से जुड़े प्रश्न भी पूछे। विद्यार्थी सुश्री रोशनी कुशवाह एवं नीरज कुशवाह ने प्रश्नों के सटीक उत्तर देकर अपनी प्रतिभा



का परिचय दिया। उनकी सराहना करते हुए कलेक्टर ने विद्यार्थियों को पूरी लगन, अनुशासन और एकाग्रता के साथ अध्ययन कर सफलता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता, पुलिस अधीक्षक श्री रोहित काशवानी एवं वन मंडलाधिकारी श्री हेमंत यादव आज शमशाबाद एवं नटेरन क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों का भ्रमण कर स्कूलों, आंगनवाड़ी केंद्रों, बहुउद्देश्यीय कृषि साख सहकारी समितियों, शासकीय उचित मूल्य दुकानों, पंचायत भवनों सहित अन्य शासकीय संस्थाओं का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित शासकीय योजनाओं, विकास कार्यों एवं आधारभूत सुविधाओं की स्थिति का जायजा लेते हुए यह सुनिश्चित किया कि योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक प्रभावी रूप से पहुंच रहा है।कलेक्टर श्री गुप्ता ने शिक्षा, पोषण, खाद्यान्न वितरण एवं पंचायत व्यवस्था से संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। शमशाबाद नगर की विभिन्न शासकीय संस्थाओं का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों ने आमजन को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं का भी आकलन किया। भ्रमण के दौरान ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं एवं सुझाव सुने गए तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। बिछिया सोसायटी में खाद वितरण व्यवस्था का लिया जायजा - कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित बिछिया का निरीक्षण कर खाद एवं उर्वरक वितरण व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने समिति में खाद की उपलब्धता, भंडारण एवं किसानों को किए जा रहे वितरण की जानकारी ली। साथ ही ई-टोकन प्रणाली के माध्यम से वितरण प्रक्रिया का अवलोकन करते हुए कर्मचारियों को निर्देश दिए कि किसानों को खाद प्राप्त करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा वितरण कार्य पारदर्शी एवं व्यवस्थित रूप से सुनिश्चित किया जाए।

गौ संवर्धन के क्षेत्र में ग्राम बिछिया की आदर्श श्री गोपाल कृष्ण गौशाला के प्रयास सराहनीय : संभागायुक्त कर्मवीर शर्मा

धर्मेन्द्र गुप्ता

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत संभागायुक्त ने गौशाला का किया अवलोकन, व्यवस्थाओं एवं गतिविधियों की सराहना की मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत भोपाल संभागायुक्त श्री कर्मवीर शर्मा ने आज विदिशा जिले के ग्राम बिछिया का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम बिछिया स्थित आदर्श श्री गोपाल कृष्ण गौशाला पहुंचकर गौ संवर्धन एवं गौ संरक्षण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों और गतिविधियों का अवलोकन किया। संभागायुक्त श्री शर्मा ने गौशाला में संचालित व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए गौवंश के संरक्षण, संवर्धन तथा उनके समुचित रखरखाव के लिए किए



जा रहे प्रयासों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने गौशाला में उपलब्ध व्यवस्थाओं एवं गौ संवर्धन की दिशा में किए जा रहे कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए इन्हें सराहनीय बताया।उन्होंने कहा कि गौशालाएं केवल गौवंश के संरक्षण का केंद्र ही नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था, जैविक संसाधनों के उपयोग और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। गौशालाओं के बेहतर संचालन और व्यवस्थाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए सामूहिक सहभागिता एवं निरंतर प्रयास आवश्यक हैं। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत ग्राम स्तर पर संचालित गतिविधियों के अवलोकन के दौरान संभागायुक्त का यह भ्रमण गौ संरक्षण एवं संवर्धन के लिए किए जा रहे प्रयासों को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा।कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने ग्राम बिछिया में स्थित आदर्श गौशाला में गौवंश के लिए उपलब्ध कराई गई विभिन्न सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं से संभागायुक्त को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि गौशाला में गौवंश के समुचित रखरखाव, उनके खान-पान एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। गौवंश की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए भी विभिन्न व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, ताकि गौवंश को सुरक्षित एवं अनुकूल वातावरण मिल सके। कलेक्टर ने पशुपालन विभाग के माध्यम से गौवंश के स्वास्थ्य की देखभाल एवं बीमार पशुओं के उपचार के लिए किए जा रहे कार्यों की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गौशालाओं में पशुओं के स्वास्थ्य संरक्षण, समय पर उपचार तथा आवश्यक पशु चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री रोहित काशवानी, वनमंडलाधिकारी श्री हेमंत यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रतिभा का सम्मानः उत्कृष्ट विद्यालय खकनार के छात्र गोपाल चौहान का 'भगवान श्रीकृष्ण मेधावी छात्रवृत्ति' के लिए चयन

महेन्द्र मालवीय रणजीत टाईम्स

मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग के स्वराज संस्थान अंतर्गत 'श्री कृष्ण पाथेय न्यास' द्वारा आयोजित भगवान श्रीकृष्ण मेधावी छात्रवृत्ति योजना 2026 के विजेताओं की घोषणा कर दी गई है। इस राज्यस्तरीय स्पर्धा में बुरहानपुर जिले के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय खकनार के 12वीं कक्षा के मेधावी छात्र गोपाल चौहान ने उत्कृष्ट सफलता प्राप्त की है। योजना के अंतर्गत आयोजित इस स्पर्धा में विद्यालय स्तर के कुल 51 प्रतिभागियों में से पारदर्शी लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से विजेताओं का चयन किया गया। इसमें शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय खकनार के होनहार छात्र गोपाल चौहान (कक्षा 12वीं) का नाम चयन सूची में आया। गोपाल चौहान को इस विशेष



उपलब्धि के लिए मध्यप्रदेश स्थापना दिवस (1 नवंबर 2026) के अवसर पर आयोजित समारोह में बुरहानपुर जिला कलेक्टर महोदय द्वारा 1,00,000 (एक लाख रुपये) की नगद राशि तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। गोपाल चौहान की इस उपलब्धि से न केवल शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय खकनार बल्कि पूरे बुरहानपुर जिले का मान बढ़ा है। गोपाल ने अपनी निरंतर मेहनत, लगन, अनुशासन और शिक्षा के प्रति समर्पण के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। शिक्षकों का मानना है कि गोपाल की इस सफलता से अन्य विद्यार्थियों को भी शिक्षा और प्रतियोगी गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलेगी। छात्र गोपाल चौहान की इस स्वर्णिम सफलता पर से बुरहानपुर जिले के प्रशासनिक एवं शैक्षणिक अधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय खकनार प्राचार्य प्रकाश चौधरी, कक्षा अध्यापक हेमंत दांगी , शिक्षक ललित महाजन एवं विद्यालय का समस्त शिक्षक परिवार उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार और शिक्षकों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर गोपाल का अभिनंदन किया और विश्वास जताया कि वह भविष्य में भी इसी प्रकार सफलता के नए आयाम स्थापित करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे।

डोईफोडिया में घर के सामने खड़ी कार में संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग,

महेन्द्र मालवीय
रणजीत टाईम्स

बुरहानपुर जिले के खकनार ब्लॉक अंतर्गत ग्राम डोईफोडिया में गुरुवार देर रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। यहाँ घर के सामने खड़ी एक कार में अचानक आग लग गई, जिससे वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो गया। इस घटना के बाद से स्थानीय ग्रामीणों में प्रशासनिक व्यवस्थाओं के प्रति भारी नाराजगी देखने को मिल रही है।

आग बुझाने का प्रयास रहा असफल

प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह घटना गुरुवार रात करीब 2 बजे की है। कार मालिक निलेश भालेराव के घर के बाहर खड़ी गाड़ी में अचानक आग भड़क उठी। आग की लपटें उठती



देख आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर दौड़े और अपने स्तर पर पानी व रेत डालकर आग बुझाने का भरसक प्रयास किया। हालांकि, आग इतनी भीषण थी कि ग्रामीणों के तमाम प्रयास नाकाफी साबित हुए।

बुरहानपुर के दो किशोरों ने पेश की ईमानदारी की अनूठी मिसाल, एटीएम के पास मिले 10,000 रुपये लौटाए

महेन्द्र मालवीय रणजीत टाईम्स

समाज में आज भी इंसानियत और ईमानदारी जिंदा है, इसकी एक प्रेरणादायक मिसाल बुरहानपुर के प्रगतिनगर के दो किशोरों—विपिन कुशवाह और दुर्गेश महाजन ने पेश की है। इन दोनों किशोरों ने एटीएम के पास गिरे 10,000 रुपये खुद रखने के बजाय पुलिस के माध्यम से उनके वास्तविक हकदार तक पहुंचाकर ईमानदारी का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है।

दिनांक 27 अक्टूबर 2026 को सुबह करीब 11:30 बजे, प्रगतिनगर निवासी 17 वर्षीय विपिन कुशवाह पिता ठाकुरदास कुशवाह और 17 वर्षीय दुर्गेश महाजन पिता शांताराम महाजन शनवारा स्थित एक्सिस बैंक एटीएम (पीपल गली के पास) पर पैसे निकालने पहुंचे थे। वहां उन्होंने देखा कि



उनसे ठीक पहले एटीएम का इस्तेमाल कर रहे एक व्यक्ति के कुछ नोट नीचे गिर गए थे। दोनों किशोरों ने तुरंत रुपये उठाए और मालिक को तलाशने के लिए बाहर आए, लेकिन तब तक संबंधित व्यक्ति जा चुका था। जब उन्होंने रुपये गिने तो उनमें 500-500 के 20 नोट यानी कुल 10,000 रुपये पाए गए।

थाने में जमा कराई पूरी राशि- रुपये के मालिक का पता न चलने पर दोनों किशोरों ने समझदारी दिखाते हुए लालच में आने के बजाय थाने जाने का फैसला किया। उन्होंने कोतवाली थाने पहुंचकर पूरी घटना पुलिस को बताई और 10,000 रुपये की पूरी राशि सुरक्षित थाने में जमा करवा दी। थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक नीता देयरवाल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस स्टाफ को बैंक के साथ समन्वय करने के निर्देश दिए। बैंक से लेनदेन संबंधी जानकारी और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पैसों के असली मालिक की पहचान सुनिश्चित की गई।

वास्तविक हकदार को सौंपे गए रुपये- बैंक से प्राप्त विवरण के आधार पर 29 अक्टूबर 2026 को फरियादी मुश्ताक अहमद (पिता मुख्तार अहमद, उम्र 49 वर्ष, निवासी आलमगंज मालीवाड़ा, थाना गणपतिनाका) को थाने बुलाया गया। किशोरों द्वारा पहचान पुख्ता करने के बाद, पुलिस की उपस्थिति में विपिन कुशवाह और दुर्गेश महाजन के अपने हाथों से फरियादी मुश्ताक अहमद को उनकी पूरी 10,000 रुपये की राशि वापस लौटाई गई।

फरियादी ने जताया आभार

अपनी खोई हुई मेहनत की कमाई वापस पाकर फरियादी मुश्ताक अहमद की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने दोनों किशोरों का हृदय से आभार व्यक्त किया और उनकी ता व संस्कारों की जमकर सराहना की। इस सराहनीय कदम से पूरे बुरहानपुर क्षेत्र में इन दोनों किशोरों की ईमानदारी की चर्चा हो रही है।

दिल्ली में एसआईआर की डेडलाइन फिर बदली, 25 तक नाम जुड़वाने का मौका

नई दिल्ली, एजेंसी। चुनाव आयोग ने दिल्ली में वोटर लिस्ट की स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) कार्यक्रम में एक बार संशोधन कर डेडलाइन 26 दिन और बढ़ा दी है। दिल्ली में दावे और आपत्तियां दाखिल करने की समयसीमा 30 अक्टूबर से बढ़ाकर 25 नवंबर कर दी गई है। दावों के निपटारे की समयसीमा भी 30 नवंबर से बढ़ाकर 15 दिसंबर कर दी गई है। फाइल वोटर लिस्ट 22 दिसंबर को प्रकाशित की जाएगी।



ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में 47.56 लाख लोगों के कटे नाम

दिल्ली में वोटर लिस्ट की एसआईआ प्रक्रिया के तहत दावे और आपत्तियां दर्ज कराने के लिए निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं को 25 दिन की मोहलत और दी है। दिल्ली की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में 47.56 लाख लोगों के नाम कटने के बावजूद अभी तक वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के लिए महज 2.75 लाख लोगों ने आवेदन किए हैं। वहीं, नाम हटाने के लिए 21603 आपत्तियां दर्ज हुई हैं।

ड्राफ्ट वोटर लिस्ट से 47.56 लाख नाम कटने के सापेक्ष नाम जुड़वाने के आवेदन कम होने की वजह से उम्मीद की जा रही थी कि दावे-आपत्तियों की अंतिम तारीख बढ़ाई जा सकती है। कोर्ट ने भी लिस्ट से बाहर हुए मतदाताओं को नए सिरे से फार्म-6 भरने के लिए बाध्य किए जाने को लेकर टिप्पणी की थी। कोर्ट ने ऐसे मतदाताओं से पते या अन्य विवरण में संशोधन के लिए फार्म भरवाए जाने के लिए कहा था। ऐसे में दावे-आपत्तियों और संशोधन के आवेदन करने के लिए 25 नवंबर तक की मोहलत मिल जाने से दिल्ली के लोगों को बड़ी राहत मिली है।

दिल्ली के मतदाता बीएलओ से मिलकर दावे-आपत्तियों के फार्म जमा करा सकते हैं या ऑनलाइन माध्यम से भी इनके लिए आवेदन कर सकेंगे। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के आंकड़ों के मुताबिक 31 अगस्त को ड्राफ्ट वोटर लिस्ट प्रकाशित होने के बाद नाम जुड़वाने के लिए 2,75,856 आवेदन, आपत्तियां दर्ज कराने के लिए 21,603 आवेदन और वोटर लिस्ट में नाम, पते या अन्य डिटेल में सुधार के लिए फॉर्म-8 के जरिये 1,03,352 आवेदन जमा हुए हैं।

जल्द से जल्द निपटारे का प्रयास

निर्वाचन आयोग के मुताबिक, 30 अक्टूबर तक मिल चुके दावे और आपत्तियों का निपटारा जल्द से जल्द करने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान आपत्तियों और दावों के आवेदनों का सत्यापन होगा। सभी आवेदनों का सत्यापन और निस्तारण होने के बाद फाइनल वोटर लिस्ट प्रकाशित की जाएगी। आयोग के मुताबिक, किसी भी मतदाता का नाम नहीं कटने दिया जाएगा। प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी होगी।

दक्षिण-पश्चिम जिले में सबसे ज्यादा आपत्तियां

सीईओ कार्यालय के मुताबिक दक्षिण-पश्चिम जिले में नाम हटाने के लिए सबसे ज्यादा 3,227 आपत्तियां दर्ज हुई हैं। इसके बाद दक्षिण जिले में 2,963, उत्तर-पूर्व जिले में 2,588 और दक्षिण-पूर्व जिले में 2,251 आवेदन जमा हुए हैं। नई दिल्ली जिले में आपत्तियों के लिए 580 फॉर्म-7 आवेदन जमा हुए।

करीब 32 लाख नोटिसों का हो चुका निस्तारण

ड्राफ्ट वोटर लिस्ट प्रकाशित होने के बाद निर्वाचन आयोग की ओर से दिल्ली के 33.14 लाख मतदाताओं को नो-मैपिंग और गणना फॉर्म में तार्किक विसंगतियों के लिए नोटिस जारी किए थे। इनमें से अब तक करीब 32 लाख नोटिसों का निस्तारण किया जा चुका है। बकाया नोटिसों का निस्तारण भी 30 नवंबर तक किया जा सकेगा।

ऐसे कर सकेंगे दावे और आपत्तियों के लिए आवेदन

जो लोग मतदाता सूची में नाम जुड़वाने या ड्राफ्ट वोटर लिस्ट पर आपत्ति अभी तक दर्ज नहीं करा पाए हैं, लेकिन कराना चाहते हैं, वे अपने क्षेत्र के बीएलओ के पास से फार्म लेकर उन्हें भरकर तत्काल उन्हीं के पास जमा करा सकेंगे। इसके अलावा सीईओ दिल्ली की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन माध्यम से भी फार्म भरे जा सकेंगे।

दिल्ली पुलिस का पटाखों के खिलाफ बड़ा अभियान, 1,073 किलो पटाखे जब्त; 10 मुकदमे किए दर्ज

नई दिल्ली, एजेंसी। आगामी त्योहारों के सीजन को देखते हुए दिल्ली पुलिस के उत्तरी जिले ने अवैध पटाखों की बिक्री, भंडारण और कब्जे के खिलाफ अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। जनसुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने एक विशेष अभियान चलाकर जिले के विभिन्न इलाकों से कुल 1,073.426 किलोग्राम पटाखे जब्त किए हैं और 10 एफआईआर दर्ज की हैं।



पुलिस ने की अपील: उत्तरी जिले की उपायुक्त (डीसीपी) आईपीएस निहारिका भट्ट ने बताया कि भीड़भाड़ वाले बाजारों और आवासीय क्षेत्रों में पटाखों का अवैध भंडारण और असुरक्षित रख-रखाव बेहद खतरनाक साबित हो सकता है। इससे आग लगने और जन-धन के नुकसान का गंभीर जोखिम बना रहता है। पुलिस का उद्देश्य नियमों का सख्ती से पालन कराना और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

जनता और व्यापारियों से अपील: दिल्ली पुलिस ने सभी नागरिकों, व्यापारियों, दुकानदारों और मकान मालिकों से अपील की है कि वे पटाखों से संबंधित नियमों का पालन करें और किसी भी प्रकार की अवैध बिक्री या भंडारण से दूर रहें। साथ ही, पुलिस ने नागरिकों से अनुरोध किया है कि यदि वे अपने आसपास, विशेषकर भीड़भाड़ वाले बाजारों या रिहाइशी मकानों में अवैध पटाखों के भंडारण या बिक्री की कोई गतिविधि देखें, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें ताकि समय पर कानूनी कार्रवाई की जा सके।

दिल्ली में सजेगा कला का महाकुंभ, जंतर-मंतर और ऐतिहासिक स्मारकों में 4 दिसंबर से शुरू होगा इंडिया बिएनाले 2026



नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली का ऐतिहासिक जंतर-मंतर अब विरोध प्रदर्शनों के बजाय कला, वास्तुकला और डिजाइन के बड़े आयोजन के लिए चर्चा में रहेगा।

केंद्र सरकार ने प्रदर्शन स्थल के रूप में जंतर-मंतर की अधिसूचना रद्द किए जाने के कुछ ही दिनों बाद इसे इंडिया बिएनाले 2026 के प्रमुख स्थलों में शामिल करने का निर्णय लिया है। संस्कृति मंत्रालय की परिकल्पना पर आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम चार दिसंबर से शुरू होकर 21 मार्च तक चलेगा।

दिल्ली में दिखेगा कला का अद्भुत नजारा: इंडिया बिएनाले के दौरान दिल्ली के करीब एक दर्जन ऐतिहासिक स्मारकों और प्रमुख सांस्कृतिक स्थलों पर प्रदर्शनियां, कार्यक्रम और कला से जुड़े अनुभव प्रस्तुत किए जाएंगे।

इनमें लाल किला, कुतुब मीनार, हुमायूं का मकबरा, अग्रसेन की बावली, हौज खास, लोधी गार्डन, सफदरजंग का मकबरा और फिरोजशाह कोटला सहित कई ऐतिहासिक स्थल शामिल हैं। राष्ट्रीय संग्रहालय, राष्ट्रीय आधुनिक कला दीर्घा और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र जैसे संस्थानों को भी आयोजन से जोड़ा गया है।

नौ देश आयोजन में भागीदारी की पुष्टि: फ्रांस, इटली, हंगरी, स्विट्जरलैंड और श्रीलंका सहित नौ देश आयोजन में भागीदारी की पुष्टि कर चुके हैं। इसमें भारत के साथ 20 से अधिक देशों की कला, वास्तुकला और डिजाइन को एक मंच पर लाने की योजना है। इस आयोजन का पहला संस्करण वर्ष 2023 में लाल किले में हुआ था।

2026 के आयोजन को दिया जा रहा भव्य रूप: हालांकि, उस समय इसका दायरा सीमित था। वर्ष 2026 के आयोजन को अधिक व्यापक स्वरूप दिया जा रहा है। आयोजकों के अनुसार, 108 दिनों तक दिल्ली के ऐतिहासिक स्मारक, संग्रहालय, कला दीर्घाएं और सार्वजनिक स्थल कला एवं संस्कृति से जुड़े संवाद का हिस्सा बनेंगे। जंतर-मंतर तीन दशक से अधिक समय तक दिल्ली में विरोध प्रदर्शन के प्रमुख स्थलों में शामिल रहा है। संसद और महत्वपूर्ण सरकारी कार्यालयों के निकट होने के कारण यहां प्रदर्शनों को लेकर लंबे समय से चिंताएं भी जताई जाती रही हैं।

पाकिस्तान में भी छाया 'रामायण' का जादू, सड़कों पर गूंजे जय श्रीराम के नारे

इस्लामाबाद, एजेंसी। रणबीर कपूर की अपकमिंग फिल्म 'रामायण' को लेकर फैंस के बीच जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। फिल्म की चर्चा अब भारत तक ही सीमित नहीं है, बल्कि पाकिस्तान के हिंदू समुदाय के बीच भी इसे लेकर खास उत्सुकता नजर आ रही है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में कराची के कुछ लोग फिल्म के पोस्टर के साथ जश्न मनाते, ढोल-नगाड़ों पर झूमते और भगवान श्रीराम के जयकारे लगाते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में लोग फिल्म की सफलता के लिए प्रार्थना करते हुए इसकी पूरी टीम को शुभकामनाएं भी देते नजर आ रहे हैं।



कराची की सड़कों पर दिखा 'रामायण' का उत्साह: सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म रेडिट पर शेयर किए गए वीडियो में कुछ पाकिस्तानी हिंदू फिल्म 'रामायण' का पोस्टर लेकर सड़कों पर निकलते दिखाई देते हैं। इस दौरान ढोल-नगाड़ों की धुन पर लोग खुशी जाहिर करते हैं और 'जय श्रीराम' के नारे लगाते हैं। वीडियो में महिलाएं 'मेरे घर राम आए हैं' भजन गाती और झूमती भी नजर आती हैं। वीडियो में एक महिला रणबीर कपूर की तारीफ करते हुए कहती हैं कि वह उनके पसंदीदा कलाकार हैं। साथ ही, वह कामना करती हैं कि भगवान श्रीराम की कृपा अभिनेता पर बनी रहे और फिल्म सुपरहिट साबित हो। इस दौरान फिल्म की सफलता के लिए प्रार्थना भी की जाती है।

फिल्म को सुपरहिट के साथ ऑस्कर मिलने की भी कामना: वायरल वीडियो में फिल्म की पूरी स्टारकास्ट को शुभकामनाएं दी जा रही हैं। वीडियो बनाने वाला शख्स उम्मीद जताता है कि 'रामायण' न सिर्फ बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन करे, बल्कि ऑस्कर भी जीते। इसके बाद वहां मौजूद लोग 'सियावर रामचंद्र भगवान की जय' के जयकारे लगाते सुनाई देते हैं। वीडियो में कराची की सड़कों के दृश्य भी दिखाई देते हैं। इसमें कुछ लोग फिल्म का पोस्टर लेकर एक ऐतिहासिक मंदिर पहुंचते हैं और वहां पोस्टर लगाते नजर आते हैं। हालांकि, वीडियो में किए गए दावों और उसके स्थान की स्वतंत्र पुष्टि होना जरूरी है।

मंदिर के पुजारी ने भी फिल्म देखने की कही बात: वीडियो में मंदिर के पुजारी भी आने वाली 'रामायण' फिल्म का जिक्र करते हुए दिखाई देते हैं। वह कहते हैं कि दिवाली के मौके पर रिलीज होने वाली इस फिल्म को वे सभी देखेंगे। वीडियो के जरिए पाकिस्तान में रहने वाले हिंदुओं की ओर से रणबीर कपूर और फिल्म की पूरी टीम को शुभकामनाएं दी गई हैं। यह वीडियो ऐसे समय में सामने आया है, जब भारतीय सिनेमा की बड़ी फिल्मों को लेकर विदेशों में रहने वाले दर्शकों के बीच भी उत्सुकता देखने को मिलती है। हालांकि, वायरल वीडियो के आधार पर पूरे पाकिस्तान के लोगों की राय का अनुमान नहीं लगाया जा सकता।

अमेरिका ने तीन मोर्चों पर चीन पर कसा शिकंजा

वाशिंगटन, एजेंसी। ट्रंप प्रशासन ने एक हफ्ते के भीतर चीन के खिलाफ तीन मोर्चों पर कदम उठाए हैं। अमेरिका के प्रशांत क्षेत्र में चीनी यात्रियों के लिए वीजा-मुक्त यात्रा को खत्म कर दिया है, जबरन श्रम के मुद्दे पर चीन की प्रमुख जीनोमिक्स कंपनियों को ब्लैकलिस्ट कर दिया है और चीन द्वारा वित्तपोषित कैंपस सेंटरों को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा करार दिया है। ये कदम अगले महीने चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप की संभावित बैठक से पहले उठाए गए हैं। डिपार्टमेंट ऑफ होमलैंड सिक्योरिटी (डीएचएस) ने बुधवार को चीन की तीन कंपनियों बीजीआइ जीनोमिक्स, एमजीआइ टेक और शेन्जेन बीजीआइ टेक्नोलाजी (जिन्हें सामूहिक रूप से बीजीआइ ग्रुप के नाम से भी जाना जाता है) को उइगर फोर्स्ड लेबर प्रिवेंशन एक्ट की एंटिटी लिस्ट में शामिल कर लिया है। डीएचएस ने बताया कि 29 अक्टूबर से, यूएस कस्टम्स एंड बार्डर प्रोटेक्शन यह मानकर चलेगा कि इन तीन कंपनियों द्वारा बनाए गए सामानों का अमेरिका में प्रवेश प्रतिबंधित है, जब तक कि यह गलत है इसे लेकर कोई ठोस सबूत न दिया जाए। इसके अलावा, 27 अक्टूबर को फेडरल रजिस्टर में प्रकाशित एक डीएचएस नोटिस के जरिए कामनवेल्थ ऑफ द नार्दर्न मारियाना आइलैंड्स इकोनामिक वाइटैलिटी एंड सिक्योरिटी ट्रैवल आथराइजेशन प्रोग्राम को निलंबित कर दिया गया है। इसके तहत, पहले से जांचे-परखे चीनी नागरिकों को बिना वीजा के इन द्वीपों पर जाने की अनुमति थी।

भाजपा की रैली हुई सुपर फ्लॉप.... कॉलेज के बच्चों को जबरन रैली में ले जाने के मामले में सोमवार को प्रदर्शन

लोकतंत्र को संकट में डालने वालों की लोकतंत्र बचाओ रैली को जनता ने नकारा

कांग्रेस करेगी कलेक्टर से मांग, प्राचार्य को करो बर्खास्त

इंदौर। लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ के नाम पर भाजपा द्वारा इंदौर में आयोजित रैली सुपर फ्लॉप हो गई। लोकतंत्र को संकट में डालने वालों ने जब लोकतंत्र बचाने का नारा लगाया तो जनता ने भी उसे नकार दिया। इस रैली में कॉलेज के बच्चों को जबरन ले जाने के मामले में कांग्रेस सोमवार को कलेक्टर कार्यालय पर प्रदर्शन करेगी और जीडीसी मोती तबेला की प्राचार्य को नौकरी से बर्खास्त करने की मांग करेगी। शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने कहा कि भाजपा द्वारा सरकार में रहते हुए चुनाव आयोग के साथ मिलकर लोकतंत्र को खतरे में डालने का काम किया





जा रहा है। भाजपा की इस हरकत के विरोध में देश के युवा और कांग्रेस आंदोलन कर रहे हैं। इस आंदोलन के चलते भाजपा ने आज इंदौर में रैली के आयोजन की घोषणा की थी। यह रैली सुभाष नगर चौराहा से निकलकर पाटनीपुरा चौराहा तक जाना थी। इसके बाद वहां केंद्रीय मंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री की सभा आयोजित की गई थी। यह पूरा आयोजन सुपर फ्लॉप साबित हुआ। चौकसे ने कहा कि दिनभर से कैलाश विजयवर्गीय के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, जिनमें वे कह रहे हैं कि सिंधी समाज के नेता एवं अन्य समूहों के नेता आ गए, लेकिन जनता नहीं आई। यही स्थिति सभी समाजों के साथ रही। भाजपा द्वारा सभी समाजों और व्यापारिक संगठनों की बैठक ली गई थी, लेकिन सभी ने इस रैली से किनारा कर लिया। हालात इतने खराब थे कि जब प्रदेश के मुख्यमंत्री भाषण दे रहे थे, तब आयोजन स्थल पर 1000 लोग भी नहीं थे। इस रैली में सरकारी एवं निजी कॉलेजों के बच्चों को जबरन लाने की कोशिश की गई। चौकसे ने बताया कि माता जीजाबाई गर्ल्स कॉलेज की प्राचार्य द्वारा देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के कुलसचिव के निर्देश पर सभी कॉलेजों को पत्र भेजकर बुलाया गया था। इस पत्र में सभी कॉलेजों को विद्यार्थियों के साथ रैली में भाग लेने का निर्देश दिया गया। कॉलेज प्राचार्य की यह हरकत गलत है। इस मामले को लेकर सोमवार को कांग्रेस कलेक्टर कार्यालय पर प्रदर्शन करेगी और संबंधित प्राचार्य को नौकरी से बर्खास्त करने की मांग करेगी। भाजपा ने अराजकता हटाने का नारा देकर अराजकता फैलाने का काम किया है। कॉलेज के विद्यार्थियों को जबरन लाने की कोशिश की गई है। ऐसी कोशिशों का करारा जवाब दिया जाएगा।

भाजपा कैसे निकाल रही है यह रैली?- चौकसे ने कहा कि इस समय देश में भाजपा की सरकार है। अधिकांश प्रदेशों में भाजपा की सरकार है और अधिकांश नगर निगमों में भाजपा की परिषद है। कहने का मतलब यह है कि हर जगह सत्ता की कमान भाजपा के हाथ में है। जब सारी सरकारें भाजपा की हैं तो फिर भाजपा लोकतंत्र बचाओ की रैली क्यों निकाल रही है? लोकतंत्र को बचाना दिल्ली यानी केंद्र सरकार का काम है। भाजपा की नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के कारण ही देश का लोकतंत्र खतरे में पड़ा है। अब जनता को गुमराह करने के लिए भाजपा खुद लोकतंत्र बचाओ का नारा लगाकर रैली निकाल रही है। यह देश के इतिहास में पहला मौका होगा, जब सत्ता में बैठी पार्टी अपनी ही जिम्मेदारी वाले काम को लेकर रैली निकालकर जनता तक संदेश देने की कोशिश कर रही है।

कैसे कम होगा शहर का संकट...? 1200 करोड़ खर्च होने के बाद भी साफ नहीं हुई सरस्वती-कान्हा नदी

एसटीपी और नाला टेपिंग पर सवाल, बरसाती नदियों को बारहमासी बनाने की सोच पर भी उठाए सवाल

इंदौर। सरस्वती और कान्हा नदी को पुनर्जीवित करने के नाम पर दशकों से योजनाएं बन रही हैं, करोड़ों रुपये खर्च हो रहे हैं, लेकिन नदियों की हालत आज भी नहीं सुधरी। करीब 1200 करोड़ रुपये खर्च होने के दावों और एसटीपी, ईटीपी व नाला टेपिंग जैसी योजनाओं के बावजूद नदियां साफ नहीं हो पाईं। शहर से निकलकर सांवेर की ओर बहने वाला गंदा पानी आगे चलकर शिप्रा को भी प्रदूषित कर रहा है। सवाल यह है कि आखिर इतनी योजनाओं और खर्च के बाद भी नतीजा शून्य क्यों है? नदी पुनर्जीवन के नाम पर कभी नाव चलाने, कभी सफाई और कभी बारहमासी जलप्रवाह की बातें की गईं। कई सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाए गए, औद्योगिक क्षेत्रों में ईटीपी लगाए गए और नाला टेपिंग योजना भी शुरू की गई, लेकिन इन सबका वास्तविक परिणाम आज भी दिखाई नहीं देता। नाला टेपिंग के दूरगामी



प्रभाव और तकनीकी पहलुओं पर भी गंभीर सवाल हैं। इस पूरे मामले में सबसे बड़ी चूक नदी की वास्तविक प्रकृति को समझने में हुई है। सरस्वती और कान्हा मूल रूप से बरसाती नदियां हैं, बारहमासी नहीं। इन्हें जबरन 12 महीने बहाने की सोच के बजाय इनके प्राकृतिक स्वरूप को ध्यान में रखकर विकास की योजना बनानी होगी। इतिहास भी इसकी गवाही देता है। अहिल्याबाई होलकर ने नदी पर घाट बनवाकर पानी रोकने और उसके सौंदर्य को बढ़ाने का काम किया था। वहीं 1914 से 1918 के बीच पीटर गीड्रीस द्वारा तैयार शहर के पहले मास्टर प्लान में 50 से अधिक स्टॉप डैम बनाने का प्रावधान था। इनसे भूजल स्तर बना रहता था और कुओं-बावड़ियों में भी पानी उपलब्ध रहता था। 1990 के दशक में इंदौर विकास प्राधिकरण ने ऑडिए प्रोजेक्ट के तहत करीब 35 करोड़ रुपये खर्च कर नदी के दोनों किनारों पर चार से पांच फीट की पाइपलाइन डाली थी, ताकि सामान्य दिनों में गंदा पानी शहर से बाहर निकाला जा सके। नदी किनारे बसी छोटी बस्तियों का विकास भी किया गया, लेकिन इन पाइपलाइनों की मौजूदा उपयोगिता और उनकी स्थिति पर कभी गंभीर समीक्षा नहीं हुई। अब जरूरत नई घोषणाओं और महंगी योजनाओं की नहीं, बल्कि पुराने अनुभवों और तकनीकी तथ्यों के आधार पर ठोस कार्ययोजना बनाने की है। स्टॉप डैम के जरिए बरसाती नदियों को सुंदर और उपयोगी बनाया जाए तथा शहर के सीवेज को शहरी सीमा से बाहर ले जाकर शिप्रा में मिलने से पहले पूरी तरह शोधित किया जाए। नदी पुनर्जीवन के नाम पर करोड़ों खर्च करने के बजाय अब जवाबदेही और परिणाम तय होने चाहिए। आखिर कब तक योजनाएं बनेंगी, बजट खर्च होगा और सरस्वती-कान्हा का गंदा पानी शिप्रा को प्रदूषित करता रहेगा? इस पर विशेषज्ञों, तकनीकी जानकारों और शहर के नागरिकों के बीच गंभीर विमर्श जरूरी है।

पदयात्रा को लेकर सियासत गरमाई

कांग्रेस का भाजपा पर हमला : लोकतंत्र बचाओ यात्रा नहीं, 'भीड़ जुटाओ, लाज बचाओ' अभियान

इंदौर। 'लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ' के संकल्प के साथ भाजपा के दिग्गज नेताओं की मौजूदगी में निकाली गई पदयात्रा को लेकर सियासत गरमा गई है। भाजपा में जहां इस आयोजन को लेकर चर्चा जारी है, वहीं कांग्रेस ने 'लोकतंत्र बचाओ यात्रा' पर तीखा हमला बोलते हुए इसे 'भीड़ जुटाओ, लाज बचाओ' अभियान करार दिया है। प्रदेश प्रवक्ता राजेश चौकसे एवं अमित चौरसिया ने कहा कि यह यात्रा लोकतंत्र बचाने का अभियान नहीं, बल्कि अपनी राजनीतिक साख बचाने और अंतर्कलह छिपाने का राजनीतिक इवेंट है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि यात्रा के मंच पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने संगठनात्मक मर्यादाओं को दरकिनार कर इसे राजनीतिक प्रतिशोध का अखाड़ा बना लिया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की देरी, प्रभारी संगठन मंत्री के निर्देशों और प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के आग्रह के बावजूद अपनी जिद पर यात्रा शुरू करना बताता है कि भाजपा में संगठन सर्वोपरि नहीं, बल्कि मंत्री की मनमानी सर्वोपरि है।

कांग्रेस ने इस यात्रा को लेकर पांच सवाल उठाए हैं–

केंद्र में 12 साल, मध्यप्रदेश में 22 साल और नगर निगम में भाजपा का ट्रिपल इंजन होने के बावजूद लोकतंत्र बचाने की नौबत क्यों आई?

राहुल गांधी के वोट चोरी के आरोपों और प्रस्तुत साक्ष्यों पर तथ्यात्मक जवाब क्यों नहीं दिया जा रहा?

क्या मूल मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए यह यात्रा निकाली गई?

भ्रष्टाचार पर सवाल पूछने वाले नागरिक को पुलिस हिरासत में क्यों लिया गया?

गंभीर अपहरण के मामले में फरार व्यक्ति को मंच पर जगह क्यों दी गई?

चौकसे और चौरसिया ने आगे कहा कि राहुल गांधी द्वारा उठाए गए वोट चोरी के आरोपों और प्रस्तुत साक्ष्यों पर भाजपा तथ्यात्मक जवाब देने के बजाय ऐसे राजनीतिक आयोजन क्यों कर रही है? क्या इन सवालों से बचने और जनता का ध्यान मूल मुद्दों से भटकाने के लिए ही भाजपा की यह यात्रा आयोजित की जा रही है? भाजपा को इन सवालों का जवाब देना चाहिए।

युवती का रास्ता रोककर कार में बैठने का बनाया दबाव

इंदौर। कंपनी में काम खत्म कर घर जाने के लिए निकली युवती का रास्ता रोककर एक युवक ने जमकर हंगामा किया। आरोपी ने युवती पर अपनी कार में बैठकर साथ चलने का दबाव बनाया। युवती ने जब कार में बैठने से इनकार करते हुए बस से जाने की बात कही तो आरोपी भड़क गया। उसने युवती को गालियां देना शुरू कर दिया और मौके पर शोर-शराबा करने लगा। मामले में गांधी नगर पुलिस ने युवती की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार घटना हातोद रोड स्थित फार्मा कंपनी के सामने की है। 25 वर्षीय युवती यहां काम करती है। उसने पुलिस को बताया कि काम खत्म होने के बाद वह घर जाने के लिए कंपनी से बाहर निकली थी। इसी दौरान विजेन्द्र ठाकुर अचानक उसके सामने आ गया। आरोपी ने युवती का रास्ता रोक लिया और उसे अपनी कार में बैठकर साथ चलने के लिए कहने लगा। युवती ने इसका विरोध करते हुए साफ कह दिया कि वह अपनी बस से घर जाएगी।

नगर निगम का दो लेन शुरू करने का दावा हवा-हवाई

नेमीनाथ चौराहे से लक्ष्मीबाई प्रतिमा तक अभी नहीं दौड़ेंगे वाहन, त्यौहार के मौके पर जनता की बड़ी मुश्किलें

इंदौर। शहर में मास्टर प्लान की सड़कों के चौड़ीकरण और निर्माण को लेकर नगर निगम प्रशासन ने जो दावे किए हैं,उस पर सवाल खड़े हो गए है।इसी कड़ी में नेमीनाथ चौराहे से लक्ष्मीबाई प्रतिमा तक की सड़क पर आज ट्रैफिक शुरू नहीं हो पाएगा। क्योंकि सड़क के काम अधूरे पड़े है। जबकि निगम ने 31 अक्टूबर तक सड़क की दो लेन पर यातायात शुरू करने का दावा किया था। नगर निगम द्वारा लक्ष्मी प्रतिमा किला मैदान से नेमीनाथ चौराहा मल्हारगंज तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। करीब एक किलोमीटर लंबी इस सड़क के दो हिस्से को ट्रैफिक के लिए खोले जाने दावे हाल फिलहाल हवाई साबित हो रहे है। किला मैदान लक्ष्मी प्रतिमा से जिंसी ओर जिंसी से हाट मैदान तक मध्य में सड़क का निर्माण तो बन गई है, लेकिन लेकिन जिंसी हाट मैदान



मध्य से नेमीनाथ चौराहा तक कार्य अभी भी जारी है। जो जल्द पूरा होते दिखाई नहीं दे रहा है। जबकि पिछले पखवाड़े निगमायुक्त क्षितिज सिंघल ने निर्माणाधीन सड़क में हो रही देरी पर नाराजगी जताते हुए, निर्माण कंपनी ओर निगम अफसरों को तेजी से कार्य पूरे करने के निर्देश दिए थे ओर 31 अक्टूबर तक सड़क के दो लेन पर यातायात शुरू करने के लिए कहा था।यह दावा पूरा होते नहीं दिख रहा है। ऐसे जिंसी चौराहा से लक्ष्मीबाई प्रतिमा तक सड़क के बीच के हिस्से का काम पूरा होने के चलते ट्रेफ़िक शुरू किया जा सकता है। इधर इसके पहले 15 अगस्त को सड़क के एक हिस्से पर यातायात आरंभ करने का दावा किया गया था।

त्यौहार सिर पर जनता मुसीबत में- अधूरी सड़क और तोडफ़ोड़ के कारण रहवासी और जनता को भारी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। रहवासी ओमप्रकाश दीक्षित ओर गोविंद शर्मा के अनुसार दीपावली जैसा बड़ा त्यौहार सिर पर है और मुसीबतें कम नहीं हुई है।

20 महीने तक लड़ी कानूनी लड़ाई, अमेरिका में महात्मा गांधी के पोते की 30 एकड़ जमीन मिली वापस

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका की एक अदालत में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पोते दिवंगत कानू गांधी और उनकी पत्नी शिवा गांधी की जमीन को लेकर विवाद चल रहा था, जो कि अब 20 महीने की कानूनी लड़ाई के बाद सुलझ गया है।

कानूगांधी परिवार की इस जमीन पर वर्जीनिया के एक निवासी का अवैध कब्जा था। वहीं अब अमेरिका की एक अदालत ने कानू गांधी परिवार के पक्ष में फैसला सुनाते हुए वर्जीनिया के शख्स को अवैध कब्जा हटाने का आदेश दिया है।

वापस मिली 30 एकड़ जमीन: महात्मा गांधी के पोते के पास वर्जीनिया की वॉरेन काउंटी में शेनांडोआ नेशनल पार्क से सटी 30 एकड़ जमीन थी। इसी जमीन को लेकर यह विवाद था। इस जमीन को गांधी दंपति ने 1987 में खरीदा था।

दक्षिण गुजरात में अपने जीवन के आखिरी



वर्षों के दौरान, उन्होंने एक चैरिटेबल ट्रस्ट बनाया और अपनी संपत्ति उसे सौंप दी। अब परिमल देसाई इसके मैनेजिंग ट्रस्टी हैं।

सूरत के परिमल देसाई के नेतृत्व में 20 महीने तक चली कानूनी लड़ाई के बाद यह फैसला आया है और वर्जीनिया में 30 एकड़ जमीन वापस गांधी परिवार को मिल गई है।

परिमल देसाई देख रहे कामकाज: कानू गांधी और शिवा गांधी 2013 में भारत लौट आए थे और उन्होंने अपने जीवन के आखिरी साल दक्षिण गुजरात में बिताए। नवंबर 2016 में सूरत में कानू गांधी का निधन हो गया। उनकी वसीयत के अनुसार, उनकी संपत्ति पत्नी शिवा गांधी को मिल गई।

2018 में, शिवा गांधी ने 'द डॉ. शिवा एंड कानू रामदास मोहनदास गांधी चैरिटेबल ट्रस्ट' की स्थापना की और अपनी वसीयत पंजीकृत कराई। 2020 में उनके निधन के बाद, वसीयत को लागू किया गया और देसाई ने मैनेजिंग ट्रस्टी के रूप में कार्यभार संभाला।

ट्रस्ट को उनकी संपत्तियां और वित्तीय परिसंपत्तियां प्राप्त हुईं, जिनका उपयोग चैरिटेबल कार्यों के लिए किया जाना था।

कैसे जीता मुकदमा?: टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, परिमल देसाई ने बताया, इसकी शुरुआत तब हुई जब अमेरिकी नागरिक ग्रेगरी ब्लैक ने 10 जनवरी 2025 को मेरे घर पर एक कानूनी नोटिस भेजा।

परिमल देसाई ने आगे कहा, ब्लैक ने वर्जीनिया के एडवर्स पजेशन (प्रतिकूल कब्जे) नियम के तहत जमीन पर अपना दावा जताया। इस नियम के अनुसार, अगर पांच शर्तें पूरी होती हैं, तो कोई व्यक्ति 15 साल तक जमीन पर कब्जा रखने के बाद उसका मालिक बन सकता है। हालांकि, वह जमीन पर अपना अनन्य और वास्तविक कब्जा तथा प्रतिकूल दावा साबित करने में नाकाम रहा।

देसाई ने बताया, जब मुझे वर्जीनिया की इस जमीन के बारे में पता चला, तो मैं 2024 में वहां गया और सर्वे करवाया। अगर ट्रस्ट को इस जमीन के साथ कुछ भी करना था, तो इसका ट्रस्ट के कब्जे में होना जरूरी था। मैंने 2025 में अमेरिकी अदालत से वसीयत को प्रमाणित (प्रोबेट) कराया और जमीन का मालिकाना हक ट्रस्ट के नाम करवा लिया।

देसाई ने बताया, इस मामले को जीतने के लिए मैंने अमेरिका में वकील रखे और भारत से भी काम किया। मैंने इस दावे का मुकाबला करने के तरीके खोजने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल किया। 8 से 11 सितंबर तक चली अंतिम सुनवाई के दौरान, मैंने अदालत को बताया कि कानू गांधी, महात्मा गांधी के पोते थे। उन्होंने और उनकी पत्नी ने यह संपत्ति ट्रस्ट को दान कर दी थी, जिसका उद्देश्य गांधीवादी विचारों का प्रचार-प्रसार करना है।

देसाई ने आगे कहा, हम लद्दाख मैप्स के जरिए यह साबित कर सके कि वह केबिन वहां 15 सालों से मौजूद नहीं था। 2020 के बाद मैं खुद भी कई बार वहां गया, जिससे उसका यह दावा गलत साबित हो गया कि वह वास्तव में वहां काबिज था। हमें वहां एक और महिला भी मिली जो उस जमीन पर रह रही थी, जिससे ब्लैक का यह दावा भी झूठा साबित हो गया कि वहां केवल उसी का कब्जा था।

ना महल, ना कोई आडंबर! तंबू में मनाया करवा चौथ

पदयात्रा के बीच दिग्विजय और अमृता का खूबसूरत अंदाज

भोपाल। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने अपनी पत्नी अमृता राय के साथ राजगढ़ जिले के करेड़ी गांव में करवा चौथ का पर्व मनाया। यह मौका उनकी उज्जैन से अयोध्या तक निकाली जा रही 'सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा' के दौरान आया। गुरुवार रात करीब 8 बजे चांद निकलने के बाद दोनों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और करवा चौथ की परंपराएं निभाई। दिग्विजय सिंह इन दिनों उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर से अयोध्या तक करीब 930 किलोमीटर की यात्रा पर हैं। यात्रा के दसवें दिन दल खुजनेर से रवाना हुआ और चौंडापुरा, मवासा जोड़, खीमा खेड़ी, लिमोंदा, चाटूखेड़ा-चौंसला जोड़, गुराडिया और खजूरी होते हुए करेड़ी पहुंचा। यहां यात्रा का रात्रि विश्राम हुआ। अमृता राय भी इस यात्रा में उनके साथ चल रही हैं।

बालिका प्रियंका ने अमृता राय के हाथों में सजाई मेहंदी- यात्रा के दौरान राजगढ़ जिले के लिमोंदा गांव में बालिका प्रियंका ने अमृता राय के हाथों में करवा चौथ की मेहंदी लगाई। इस दौरान उन्हें पर्व की शुभकामनाएं भी दी गईं। अमृता राय ने इस पल को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर भी साझा किया। यात्रा के कार्यक्रमों के बीच करवा चौथ मनाने और मेहंदी लगवाने के ये पल चर्चा में रहे। करेड़ी में रात्रि विश्राम के दौरान दिग्विजय सिंह और अमृता राय ने चांद निकलने के बाद पूजा की और पर्व की रस्में पूरी कीं।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है प्रदेश : सीएम

एलीवेटेड कॉरिडोर की एक भुजा मंडी में उतारने की घोषणा

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि देश और प्रदेश प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना किसानों के खातों में सीधे भेजी जा रही हैं। इसमें मध्यप्रदेश सरकार भी अपनी ओर से 6000 रु प्रति वर्ष प्रति किसानों को मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की राशि दे रही है। इस तरह दोनों योजनाओं को मिलाकर प्रत्येक किसान को वर्ष में 12 हजार रूपये दिये जा रहे है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश में और विदेश में प्रधानमंत्री ने देश का मान बढ़ाया है। राज्य सरकार ने किसानों को बिजली, पानी व सड़क आदि मुहैया कराने के साथ किसान सम्मान निधि व लाड़ली बहन जैसी योजनाएँ लागू कर किसानों एवं महिलाओं को लाभान्वित किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह बात पीएम किसान सम्मान निधि की 24 वी किस्त के हस्तान्तरण अवसर पर उज्जैन कृषि उपज मंडी में आयोजित कार्यक्रम में कही। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने पीएम किसान निधि सम्मान निधि योजना के तहत 24वीं किस्त का हस्तांतरण किया। इस अवसर पर उज्जैन के कृषि उपज मंडी प्रांगण में किसानों एवं व्यापारियों का सम्मेलन आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री द्वारा 24वीं किस्त के रूप में देश के कुल 9.34 करोड़ किसानों को 18680 करोड़ रु की राशि उनके बैंक खातों में सिंगल क्लिक से सीधे अंतरित की। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि पी एम किसान योजना से मध्यप्रदेश के 80 लाख और उज्जैन जिले के 2 लाख किसान लाभान्वित हो रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 30 अक्टूबर 2026 को गुजरात के बनासकांठा जिले के भिलड़ी गाँव से योजना की 24वीं किस्त जारी की। देश के 9.34 करोड़ से अधिक पात्र किसान के खातो में सीधे राशि का अंतरण किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घोषणा की कि आगर नाके से लेकर के हरि फाटक तक बन रहे एलिवेटेड मार्ग की एक भुजा किसानों की मांग पर मंडी में उतारी जाएगी। इससे आगर रोड पर होने वाला जाम समाप्त हो जाएगा और किसानों के ट्रैक्टर/वाहन सीधे मंडी में पंहुच सकेंगे। इस अवसर पर उज्जैन जिले के प्रभारी मंत्री श्री गौतम टेटवाल, विधायक श्री अनिल जैन कालूखेड़ा, श्री सतीश मालवीय, पूर्व विधायक श्री राजेन्द्र भारती, उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री रवि सोलंकी, श्री जगदीश पांचाल, हाउसिंग बोर्ड अध्यक्ष श्री ओम जैन, सिंहस्थ मेला प्राधिकरण अध्यक्ष श्री जगदीश अग्रवाल, संभायुक्त श्री आशीष सिंह, एडीजी श्री राकेश गुप्ता, कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप शर्मा सहित जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

प्रबंध संचालक ऋषि गर्ग द्वारा वितरण केंद्र अमलाहा का निरीक्षण

राजस्व वसूली में तेजी लाने, बकायादारों के विरुद्ध कार्रवाई करने, बिल संबंधी शिकायतों का त्वरित निराकरण एवं ई-केवाईसी का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश

सीहोर। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक श्री ऋषि गर्ग ने शुक्रवार को सीहोर वृत्त के अमलाहा वितरण केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने राजस्व संग्रहण, बकाया राशि की वसूली, उपभोक्ता सेवाओं, विद्युत वितरण ट्रांसफार्मरों के सर्वे, विद्युत चोरी पर प्रभावी नियंत्रण तथा विभिन्न मैदानी गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

प्रबंध संचालक श्री गर्ग ने कहा कि चालू माह एवं लंबित राजस्व वसूली के निर्धारित लक्ष्यों को शत-प्रतिशत प्राप्त किया जाए। बड़े बकायादारों से वसूली के लिए विशेष अभियान चलाएं तथा अद्यतन बकाया सूची तैयार रखें। लंबे समय से लंबित बकायादारों को चिह्नित कर नियमानुसार वसूली अथवा विद्युत विच्छेदन की कार्रवाई में तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि कंपनी के राजस्व में निरन्तर वृद्धि के लिए मैदानी स्तर पर प्रभावी प्रयास किए जाएं।

प्रबंध संचालक ने उपभोक्ता सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए बिल संबंधी शिकायतों का अविलंब निराकरण करने तथा औसत एवं त्रुटिपूर्ण बिलों की समीक्षा कर वास्तविक खपत के अनुसार बिलिंग



सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही डिफॉल्टर उपभोक्ताओं के विरुद्ध नियमानुसार प्रभावी विद्युत विच्छेदन एवं वसूली की कार्रवाई करने तथा नियम विरुद्ध पुनः संयोजित पाए जाने वाले मामलों में सख्त वैधानिक कदम उठाने को कहा।

प्रबंध संचालक ने वितरण ट्रांसफार्मरों (डीटीआर) की जीआईएस एवं भौतिक मैपिंग तथा लोड बैलेंसिंग का कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक डीटीआर से संबद्ध उपभोक्ताओं की टैगिंग की स्थिति अद्यतन रखी जाए। इसके साथ ही क्षेत्र के प्रत्येक घर का सर्वे कर अवैध कनेक्शनों को पकड़ कर संबंधित व्यक्ति को नियमित कनेक्शन देने तथा अनमीटर्ड कनेक्शनों का मीटरीकरण करने की कार्रवाई की जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि कोई भी परिसर बिना वैध संयोजन के विद्युत उपयोग करता हुआ नहीं पाया जाना चाहिए।

उन्होंने सभी उपभोक्ताओं के आधार एवं मोबाइल नंबर का प्रमाणीकरण तथा ई-केवाईसी का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके लिए फील्ड स्टाफ के दैनिक लक्ष्य निर्धारित कर ई-केवाईसी की प्रगति सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही सभी पत्राचार, फाइलों एवं नोटशीट को अनिवार्य रूप से ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से ही प्रेषित करने तथा भौतिक फाइलों का चलन तत्काल बंद करने के निर्देश दिए।

प्रबंध संचालक श्री गर्ग ने शासकीय स्कूलों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों के विद्युत संयोजनों का भौतिक सत्यापन करने तथा वहां विद्युत प्रदाय की स्थिति की जानकारी लेने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूलों के विद्यार्थियों से सीधा संवाद कर उनके गांवों एवं घरों में विद्युत आपूर्ति की जमीनी स्थिति की जानकारी ली जाए।